आपदा प्रबंधन-नागरिक सुरक्षा का पुलिस को दिया विशेष प्रशिक्षण

आकस्मिक आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य को लेकर दी ट्रेनिंग

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस अधिकारी और जवानों को आपदा प्रबंधन के लिए विशेष ट्रेनिंग दी गई है। इसे लेकर विशेष सत्र का भी आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे और नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में मोहर्रम पर्व और अन्य त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही आकस्मिक आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से विशेष आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

यह प्रशिक्षण प्लाटून कमांडर जितेंद्र सिंह तोमर एवं उनकी टीम द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए व्यवहारिक रूप से दक्ष बनाना था।

नागरिक सुरक्षा के सिद्धांतों की भी दी जानकारी:- बाढ़ एवं जलभराव जैसी परिस्थितियों में सुरक्षित रेस्क्यू की तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। लाइफ जैकेट के सही एवं सुरक्षित उपयोग का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

परीक्षण के दौरान बताया गया कि लाइफ जैकेट पहनने से व्यक्ति लंबे समय तक पानी में सुरक्षित रह सकता है तथा उसके डूबने की संभावना काफी कम हो जाती है, जिससे बचाव दल को रेस्क्यू के लिए पर्याप्त समय मिलता है। पानी में डूब रहे व्यक्ति को सुरक्षित तरीके से बचाने की विभिन्न रेस्क्यू तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। फायर एक्सटिंग्विशर के प्रकार, संचालन एवं आग लगने की स्थिति में उसके प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। स्ट्रेचर के सही उपयोग, घायल व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने एवं प्राथमिक रेस्क्यू तकनीकों का अभ्यास। आपदा प्रबंधन में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों की जानकारी एवं उनका व्यवहारिक प्रदर्शन। आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस बल के समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी आवश्यक दिशा.निर्देश।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सभी उपकरणों का व्यवहारिक अभ्यास किया तथा आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य करने की तकनीकों को समझा।

शिया समाज के मातमी जुलूस में शहादत को किया याद

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर में मुहर्रम की 10वीं तारीख पर शुक्रवार सुबह शिया समाज ने मातमी जुलूस निकाला। यह जुलूस सिंधीपुरा से शुरू हुआ जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाजजन हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातम करते हुए शामिल हुए।

जुलूस सिंधीपुरा से निकलकर रोशन चौक, पाला बाजार, इकबाल चौक, गांधी चौक, फव्वारा चौक, कोतवाली थाना रोड और बुधवारा होते हुए वापस सिंधीपुरा इमामबाड़ा पहुंचा। समाज के इफ्तेखार अली उर्फ जानी पहलवान ने बताया कि बुरहानपुर में हर साल मुहर्रम की 10वीं तारीख को हजरत इमाम हुसैन की याद में यह मातमी जुलूस निकाला जाता है। यह परंपरा पिछले 1400 सालों से जारी है। उन्होंने बताया कि 1400 साल पहले कर्बला के मैदान में पैगंबरे इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को यजीद ने शहीद कर दिया था। हजरत इमाम हुसैन ने इस्लाम की सरबुलंदी के लिए यह कुर्बानी दी थी। जुलूस के दौरान समाज के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की याद में नोहे भी पढ़े। इस दौरान अलम भी निकाला गया। कुछ युवा हाथों में तिरंगा लेकर भी जुलूस में शामिल हुए। समाजजन हजरत इमाम हुसैन की याद में मातम करते हुए अपने शरीर पर चोट पहुंचाकर दुख व्यक्त करते हैंए जिससे खून भी बह निकलता है। इस मातमी जुलूस को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। मुहर्रम की 10वीं तारीख को मातमी जुलूस निकालने की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

नशा मुक्त भारत अभियान : जनजागरूकता के लिए दल रवाना

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। समाज के युवा वर्ग को नशे से बचाने एवं जनमानस में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राज्य स्तर से गठित कलापथक दल को शुक्रवार को बुरहानपुर जिले के खकनार विकासखंड हेतु रवाना किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एडीशनल एसपी प्रदीप शेण्डे एवं उप संचालकए सामाजिक न्याय श्री दुर्गेश कुमार दुबे सहित अन्य कर्मचारियों ने नशामुक्ति की शपथ ली तथा हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समाज को नशामुक्त बनाने तथा युवाओं को नशे की गिरफ्त से दूर रखने का संकल्प लिया। जागरूकता गतिविधियों के तहत पोस्टर एवं बैनरों के माध्यम से आमजन को नशा जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने की अपील की जायेगी।

कलापथक दल द्वारा खकनार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन माध्यमों से नशे के दुष्परिणामों, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों तथा पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक असर के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

साथ हीए आमजन विशेषकर युवा वर्ग को नशे से बचाव के उपायों एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले में निरंतर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विदित है कि शासन के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों एवं ब्लाकों में मुख्य रूप से नशाबंदी योजना एवं विभागीय योजनाओं का प्रचार.प्रसार शासकीय कलापथक दलों के माध्यम से कराया जा रहा है।

कोचिंग संस्थानों की जांच : फायर सेफ्टी और इमरजेंसी एग्जिट में कमी मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर नगर निगम प्रशासन ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक कोचिंग संस्थान से जुड़ी घटना के बाद सतर्कता बढ़ा दी है। शहर में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और व्यावसायिक भवनों में संचालित कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव शुक्रवार को स्वयं अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम के साथ विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस अभियान के तहत विद्यार्थियों की सुरक्षाए अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता आपातकालीन निकास मार्ग और अन्य सुरक्षा मानकों की गहनता से जांच की जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसी भी संभावित दुर्घटना को रोकना और विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है।

बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं प्रतिदिन इन कोचिंग संस्थानों में अध्ययन के लिए पहुंचते हैंए जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्थाओं का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है।

पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं मिली:- नगर निगम के निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि शहर के कई कोचिंग संस्थान शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और बहु मंजिला व्यावसायिक भवनों में संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई स्थानों पर अग्निशमन यंत्रों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं पाई गई, जबकि कुछ संस्थानों में आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निकासी के लिए स्पष्ट मार्ग भी चिन्हित नहीं थे। अधिकारियों ने संचालकों को सुरक्षा मानकों का पालन करनेए फायर सेफ्टी उपकरण स्थापित करने और विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी समझाइश दी गई कि किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य में गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।

नियमों, सावधानियों की जानकारी दी:- निरीक्षण के दौरान नगर निगम अधिकारियों ने कोचिंग संचालकों को अग्नि सुरक्षा से जुड़े नियमों और आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी दी। उन्हें बताया गया कि भवनों में फायर एक्सटिंग्विशर, आपातकालीन निकास, विद्युत सुरक्षा और नियमित सुरक्षा ऑडिट जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से होना चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि केवल नियमों का पालन करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समय समय पर सुरक्षा उपकरणों की जांच और उनका रखरखाव भी जरूरी है।

विद्यार्थियों की बड़ी संख्या को देखते हुए किसी भी संस्थान में सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने निरीक्षण के दौरान कहा कि लखनऊ की घटना के बाद एहतियात के तौर पर शहर के कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। जहां भी कमियां पाई जाएंगीए वहां उन्हें दूर करने के निर्देश दिए जाएंगे।

निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा:- उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं हैए बल्कि शहर के सभी प्रमुख कोचिंग संस्थानों तक पहुंचकर उनकी सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिन संस्थानों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाएगाए उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का मानना है कि किसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई करने से बेहतर है कि पहले से ही सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत बनाया जाए।

एक नजर में

मंदिर ट्रस्ट 2 वर्षों से बांट रहा नि :शुल्क फलाहारी प्रसादी

इच्छापुर। जिले की प्रसिद्ध श्रीइच्छा देवी मंदिर पर प्रतयेक एकादशी के दिन आने वाले भक्ततो के लिए नि:शुल्क फरीयाली का वितरण होता है। गुरुवार को निर्जला एका देशी के पावन पर्व पर हजारो श्रद्वालुओ ने फरीयाली का आनंद उठाया। यह अभियान मंदिर ट्रस्ट द्वारा विगत 2 वर्षो से आने वाले श्रद्वालुओ के लिए किया जा रहा है। मंदीर पर प्रति दिन हजारो श्रद्वालुओ माताजी के दर्शन करने आते हैं ओर दर्शन कर कृतार्थ होते है। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष भागवतराव महाजन, संजय पवार, सुभाष पंडीत, महेश पाटोंडीकर, राजेंद्र ठोंबरे, मनोज प्रजापती आदि मौजूद थे।

ग्राम भोटा में दीवार गिरने से युवक का निधन

इच्छापुर। तेज बारिश के कारण दिवाल गिरने से युवक सुनिल नामदेव पाटील भोटा का निधन हो गया। मिली जानकारीअनुसार युवक केला ग्रुप में केले काटने का काम करता था, वह केले का बंगीचा काटकर लोट रहा था, तेज बारिश आने से वह महाराष्ट्र आरटीओ बेरियर पर एक दिवाल का सहारा लेकर खडा था, उसी समय पत्थरो की दिवार गिर गई, जिसमें दब जाने के कारण सुनिल के मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक दो पुत्र एवं पत्नि सहित भरा पुरा परिवार अपने पिछे छोड गया। बता दे कि वह दगडू पाटील के भतीजेथे।

पांडोला परिसर में मंडी बोर्ड का सीमेंट कॉन्क्रीट रोड अधूरा रहने से किसान परेशान

इच्छापुर। पांडोला परिसर में मंडी बोर्ड द्वारा बनाया गया सीसी रोड का काम अधुरा छोडने के कारण किसानो को भारी नुकसान उठाना पड रहा है। रोड के दोनो किनारो पर निकासी नही निकालने के कारण बारिश का पानी वही जैसा थम गया है। जिसके चलते किसानों को अपने खेत में जाने -आने के लिए कोई अन्यत्र मार्ग नहीं है। क्षेत्रिय किसान अनिल हवेलीवाले ने बताया कि मेरी केली कटने वाली है। लेकिन खेत में गाडी जाने के लिए रास्ता ही नहीं है। इस मार्ग पर निकासी नहीं होने से बारीस का पानी जमा हो गया है। मजदूर और गाडी कैसे जाएगी खेत में जबकि एक ही रास्ता है यह ?, ठेकेदार 2 वर्षो से रोड बना रहा है, किसानो ने कई बार शिकायत की। लेकिन कोई निराकरण आज तक नही होने से किसानों को भारी परेशानी ओर आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है। संबधित विभाग तत्काल किसानो की समस्या को हल करें।

लायंस क्लब बुरहानपुर का शपथ विधि समारोह

बुरहानपुर। क्लब अध्यक्ष मुकेश देवड़ा ने बताया कि लायंस क्लब बुरहानपुर वर्ष 2026 . 27 के नवीन अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह के मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी पी.एम.जे.एफ़. लायन कुलभूषण मित्तल, पी.एम.सी.सी.एवं इंटरनेशनल डायरेक्टर एंड्रोसी होंगे साथ ही खंडवा से पधार रहे लायन साथी संजना खत्री रीजन चेयरपर्सन एवं रीजन 5 लायन आशा उपाध्याय झोन चेयरपर्सन झोन 2 की उपस्थिति में शपथ विधि कार्य्रकम सम्पन्न होगा।

पीएम स्वनिधि 2 .0 योजना शुरू, हितग्राही नगर निगम में आवेदन करें : श्रीवास्तव

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। केंद्र सरकार के शहरी आवास एवं नगर विकास मंत्रालय द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी हितग्राही मूलक योजना जो पीएम स्वनिधि योजना के नाम से जानी जाती है। जिसमें सरकार छोटे व्यवसायियों एवं पथ विक्रेताओं को ऋण तथा ब्याज अनुदान एवं डिजिटल पेमेंट पर कैशबैक का लाभ प्रदान करती थी।

पी एम स्वनिधि योजना अक्टूबर 2025 से पुनरू प्रारंभ हो गई है। पी एम स्वनिधि योजना 2.0 के संबंध में जानकारी देते हुए आयुक्तए नगर पालिक निगमए बुरहानपुर ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना 2ण्0 में अब हितग्राहियों को अब 15 हज़ार रू की ऋण राशि तथा 25 हज़ार की ऋण राशि प्रदान की जाएगी तथा 50 हजार की ऋण राशि यथावत रहेगी। आयुक्त महोदय ने यह भी बताया कि शासन ने वित्तीय वर्ष 2026.27 हेतू नगर निगम बुरहानपुर के लिए प्रथम चरण यानि 15 हज़ार ऋण राशि के लिए 3108 द्वितीय चरण की 25 हज़ार रू की ऋण राशि के लिए 2004 तथा तृतीय चरण के 50000रू की ऋण राशि के लिए 1198 का लक्ष्य निर्धारित किया है।

निगमायुक्त श्रीवास्तव ने इस योजना के लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि योजना आरंभ से आज दिनांक तक लगभग 19000 हितग्राहियों को राशि रू 36 करोड़ की ऋण राशि प्रदान की है। योजना में पूर्व की भांति 7 : से उपर ब्याज दर पर ब्याज अनुदानए डिजिटल लेनदेन पर सालाना 1200 रू का कैशबैक भी मिलेगा।

निगमायुक्त श्रीवास्तव ने नगर निगम क्षेत्र के सभी छोटे व्यवसायियों एवं दुकानदारों तथा पथ विक्रेताओं से आग्रह किया कि यदि उन्होंने अभी तक इस योजना का लाभ नहीं लिया है तो आज ही असंगठित कामगार पोर्टल पर इस योजना में अपना पंजीकरण करवा कर पी एम स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अपने व्यवसाय का फोटोए आधार कार्ड, समग्र आई डीए बैंक पासबुक एवं आधार रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के साथ एम पी ऑनलाइन की दुकान या नगर निगम के एन यू एल एम कार्यालय में अपना पंजीकरण एवं पी एम स्वनिधि योजना के लिए आवेदन करेए इसके अतिरिक्त वैसे हितग्राही जिन्हें योजना के बंद होने के कारण उनके ऋण प्रकरण पर बैंक द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो पाई थीए वे भी नगर निगम से संपर्क कर अपना आवेदन बैंक में जमा कर पी एम स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे।

रेलवे स्टेशन पर नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बुरहानपुर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विधि सक्सेना के निर्देशानुसार एवं सचिव न्यायाधीश प्रेमदीप सांखला के मार्गदर्शन में रेलवे स्टेशन परिसर में कार्यक्रम किया गया।

इसमें नालसा डॉन योजना 2025 नशा जागरूकता और कल्याण नेविगशन नशा मुक्त भारत के लिए जागरूकता कार्यक्रम कर रेलवे कर्मचारियों, अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्टेशन परिसर पर उपस्थित यात्रियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बुरहानपुर द्वारा नियुक्त पेरालिगल वोलेंनटियर महेंद्र जैन, डॉ.फौजिया सोडावाला, डॉ किरण सिंह, रेलवे अधीक्षक विनय मेहता, ऑफिस सुपरिटेंडेट पुष्पेन्द्र काकडे, आरक्षण सुपरवाईजर टिकाराम मीणा, सीनियर इंजीनियर इलेक्ट्रिक रमेश मीणा, बुकिंग पर्यवेक्षक सुनील उइके, रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के अधिकारी कर्मचारी और अन्य लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया। लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

एक नजर — आर्ट ऑफलिविंग के सत्संग के निरंतर अठारह वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुआ महासत्संग ...

सात सच्चे सेवकों का सम्मान : सत्संग की निरंतर अठारह साल की यात्रा गौरव का विषय : अर्चना चिटनीस

राजस्थानी भवन में बडी संख्या में एकत्रित हुए भक्तजन ... आयोजन की सफलता में सनातन आनंद प्रचार समिति की प्रमुख भूमिका रही

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। लगातार 18 साल तक प्रति गुरुवार करफ्यू हो, कि कोरोना काल हो, हर हाल में सत्संग के संकल्प को निभाना आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के साधकों की मात्र साधना नहीं है, बल्कि एक गहरी तपस्या है और संस्था के साधकों पर गुरुदेव की बरसती कृपा का यह साक्षात्कार प्रमाण है कि आप निरंतर हर गुरुवार सत्संग के माध्यम से एकत्रित होकर सबके चेहरों पर प्रसन्नता और खुशी बांटने का काम कर रहे है।

उक्त उद्गार क्षेत्रीय विधायक और पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने बीती रात इंद्रा कॉलोनी स्थित राजस्थानी भवन के खचाखच भरे हॉल में आर्ट ऑफलिविंग के महासत्संग समारोह में भक्तजनों को संबोधित करते हुए कही। आपने कहा कि हम सबके लिए यह गौरव की बात है कि हमारे जिले की एकमात्र आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़ लिविंग 18 वर्ष पूर्ण कर सत्संग के 19वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। सहयोगी संस्था सनातन आनंद प्रचार समिति ने आज के आयोजन मे शहर के सात श्रेष्ठ और सच्चे सेवकों का सम्मान कर इस आयोजन को और अधिक ऊंचाइयां प्रदान की है। विधायक चिटनीस ने कहा यह सम्मान इन विभूतियों का नहींएबल्कि पूरे बुरहानपुर का सम्मान है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर माधुरी अतुल पटेल और नगर निगम अध्यक्ष अनीता अमर यादव भी मौजूद थीं। कार्यक्रम की सफलता में प्रशिक्षक रवींद्र पण्डित, सनातन आनंद प्रचार समिति के चिंतामन महाजन, पत्रकार मुकेश पूर्व और देवराम महाजन की प्रमुख भूमिका रही।

सत्संग के प्रारंभ में रात्रि 8 बजे से गुरु पूजा के माध्यम से सत्संग की शुरुआत हुईए जिसमें गुरु पूजा पंडित संगीता देवतालेए विजय दुंबानीए दीपाली पंडित ने मंत्रोच्चार कर गुरु पूजा के माध्यम से गुरु शक्ति का आह्वान किया। उसके बाद संस्था से जुड़े मधुर स्वर के धनी सीए.भरत श्रॉफने गणेश वंदना से सत्संग की शुरुआत की। विजय दुंबानी, राजेन्द्र पवार, इंजीनियर प्रवीण चौकसे और अश्विनी मेहता ने ईश्वरीय आराधना और गुरु भक्ति पर आधारित मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। इंदौर से पधारे विपिन जैन ने जीवन दर्शन पर आधारित सुख के सब साथी दुख में न कोई और नदियां चले चले रे धारा....., तुझको चलना होगा.... , इन गीतों की प्रस्तुति कर पूरे वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर 9 वर्ष के बाल कलाकार रौनक नरेंद्र देशमुख के द्वारा प्रस्तुत कृष्ण भक्ति का भजन जगन्नाथ ण्ण् चका नयन....., नीलांचल वाले....., तू न संभाले तो हमें कौन संभाले..... , इस भजन पर भक्तजन खूब झूमे।

ज्ञान सत्र के अंतर्गत संस्था के केन्द्र प्रमुख वरिष्ठ प्रशिक्षक संतोष देवताले ने कहा कि जब सत्वगुण बड़ता है तभी हमको भजन कीर्तन और सत्संग में रुचि होने लगती है। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें हर गुरुवार सत्संग के साक्षी होने का अवसर मिलता है। आपने सभी से आह्वान किया कि आर्ट ऑफ़ लिविंग के शिविर में सिखाई जाने वाली सुदर्शन क्रिया निराशा को आशा में और मन की दुखी अवस्था को प्रसन्नता में बदलती है। शिविर का लाभ लें और हर गुरुवार सत्संग में अवश्य पधारे। सत्संग के दौरान दीपाली रविन्द्र पंडित ने इंट्यूशन प्रोसेसएजो 5 साल से 18 साल तक के बच्चों के लिए गुरुदेव ने बनाया हैएउसकी जानकारी देते हुए उपस्थित समस्त अभिभावकों से अपील कीएकी इस मोबाइल की भागदौड़ वाली जिंदगी में अपने बच्चों को इस ज्ञान से जोड़ें, जहां ध्यान शक्ति के माध्यम से बच्चे आंखों पर पट्टी बांधकर कलर पहचान लेते हैं। नोट के नंबर बता देते हैं, यहां तक कि उन्हें भविष्य की घटनाओं के पूर्व संकेत भी मिलने लगते हैं। यह हमारी सनातन धर्म संस्कृति का अभूतपूर्व ज्ञान है। आपने इस संबंध में 5 साल से लेकर 12 साल तक के 3 बच्चों की प्रस्तुति भी करवायी, जिसमें उन्होंने आँखों पर पट्टी बांधकर सामने खड़ी हुई विधायक अर्चना चिटनीस ने किस रंग की साड़ी धारण की है, नोट के नंबर क्या है, ये तक बता दिया। उपस्थित भक्तजनों ने संस्था की ऐसी रचनात्मक गतिविधियों की खूब सराहना की। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट टीचर कोडिनेटर रजनी अग्रवाल और जोनल टीचर कोऑर्डिनेटर विजय दुंबानी का भी अभिनंदन हुआ। कार्यक्रम में संस्था के प्रमुख फाउंडर सदस्य लक्ष्मण मित्तल, योगेश श्रॉफ, प्रशिक्षिका स्नेहा संजय मुंगी, रोटरी अध्यक्ष जयप्रकाश लखोटिया, बृहद गुजराती समाज के पूर्व अध्यक्ष कर सलाहकार सुरेश श्रॉफ, सचिव सीए.प्रशांत श्रॉफ, जयश्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेश्वरी ठाकुर, प्रेमल बेन सराफ, शीतल श्रॉफ, सतीश गुजराती, संजय श्रॉफ, धर्मेन्द्र पटेल, शेखर बोहरा, दीपक अदमने भास्कर शराव चालसे विशेष रूप से उपस्थित थे।

सात सच्चे सेवकों का सम्मान बुरहानपुर का सम्मान है।

चिकित्सा के क्षेत्र में अस्सी वर्ष के शहर के डॉ रमेश कापडिया जी की विगत तिरेपन वर्षों से दी जा रही अनवरत सेवा को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। इतिहासकार और बुरहानपुर की संस्कृति से पूरे विश्व को परिचित कराने वाले डॉक्टर होशंग हवलदार भी सम्मानित हुए।

विगत तेवीस वर्षों से गौलोकधाम खड़कोद के माध्यम से गुरुकुल की स्थापना कर 350 से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के और आदिवासी बच्चों को भारतीय संस्कृति वेद पुराण का ज्ञान देने का अभियान चला रहे दीपक कापड़िया जी को भी उनकी अनवरत सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

अनाथ बेसहारा और अनुपयोगी गाय की सेवा कर रही श्री गौरक्षण सेवा सदन समिति ग्राम झांझर की पूरी टीम की ओर से मुकेश अग्रवाल को भी अपने सदस्यों के साथ संस्था ने सम्मानित किया। पानी वाले बाबा के रूप में विगत तेरह सालों से अपने स्वयं के खर्च पर छह टैंकरों के माध्यम से शहर भर में निशुल्क सेवा दे रहे लालबाग के अमर यादव को भी उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

शाहपुर नगर परिषद को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की अप्रतिम सेवाओं के लिए नगर परिषद अध्यक्ष साधना विरेंद्र तिवारी भी सम्मानित हुई। सातों दिन 24 घंटे एक फ़ोन कॉल पर सिर्फअपना वार्ड ही नहीं बल्कि पूरे शहर की किसी भी समस्या के लिए सुबह 5 बजे उठकर दिनभर निस्वार्थ जनता की सेवा करने वाले तत्पर और तैयार रहने वाले राजीव वार्ड के जुझारू पार्षद धनराज महाजन को भी उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। अन्त में आभार उद्बोधन संस्था के फाउंडर सदस्य संतोष सराफने दिया।